Ph. 0294-2470143,Uni.Fax.0294-2471150
UNIVERSITY COLLEGE OF SOCIAL SCIENCES & HUMANITIES
MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY
**UDAIPUR, (Raj.)**

No. MLSU/UCSSH/ 2023/376 Date: 21.07.2023

# कला महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न, रिक्त सीटों पर कर सकेंगे आवेदन

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कला महाविद्यालय में बी.ए. प्रथम वर्ष के प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया 19 से 21 जुलाई, 2023 के मध्य सम्पन्न हुई।

महाविद्यालय अधिष्ठाता प्रो.सी.आर.सुथार ने बताया कि बी.ए. प्रथम सेमेस्टर पास कोर्स में प्रवेश के बाद रिक्त रही सीटों की वर्गवार सूचना महाविद्यालय के सूचना पट्ट और विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी जाएगी। नए विद्यार्थी रिक्त सीटों के लिए ऑनलाइन आवेदन दिनांक 24 से 26 जुलाई, 2023 तक कर सकेंगे तथा 27 जुलाई तक उन्हें आवेदन की हार्ड कॉपी अनिवार्यतः महाविद्यालय में जमा करवानी होगी।

जो विद्यार्थी पूर्व में आवेदन कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, किन्तु उन्हें भी अपने आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी 27 जुलाई तक महाविद्यालय की विद्यार्थी शाखा में जमा करवानी होगी।

सभी आवेदक दिनांक 28 जुलाई, 2023 को प्रातः 11:00 बजे काउंसलिंग के लिए उपस्थित होकर, अपना प्रवेश सुनिश्चित कर सकेंगे। बी.ए. पास कोर्स प्रवेश में पूर्व के आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

बी.ए. प्रथम सेमेस्टर पेमेन्ट सीट (एस.एफ.एस.) में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी जो पूर्व में आवेदन कर चुके है, वे दिनांक 24 से 29 जुलाई के मध्य उपस्थित होकर अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे।

अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय का सूचना पट्ट और विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

अधिष्ठाता

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाहीं हेतु प्रेषित

1. पत्रिका सम्पादक / दैनिक भास्कर सम्पादक......................
2. आईयूएमएस को सूचना भेजकर लेख है कि उक्त दिनांक से आवेदन खोले तथा उपरोक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाईट और पार्टल पर अपलोड करे।

अधिष्ठाता